सारी दई मोपे पर रंग की गगर

सारी डाल दई मोपे रंग की गगर
मैं तो धोखे से देखन लागी उधर
सारी डाल गई मोपे रंग की गगर
मैं तो धोखे से देखन लागी उधर

अबीर गुलाल मलो मुख रोली २
मलो मुख ऊपर मलो मुख ऊपर
अब सुझत नाही आली मोको डगर
मैं तो धोखे से देखन लगी उधर
सारी डाल दई मोपे रंग की गगर

भरि भरि रंग नयन पिचकारी 2
नयन पिचकारी नयन पिचकारी
कभी मरे उधर कभी मरे इधर
मैं तो धोखे से देखन लगी उधर
सारी डाल दई मोपे रंग की गगर

हंस मुस्काय अधर अधर बोले 2
अधर अधर बोले अधर अधर बोले
अब रार करो ना मोसे ढीठ लंगर
मैं तो धोखे से देखन लगी उधर
सारी डाल दई रंग की गगर
बिना होली खेले मैं जाने नहीं दूंगी
मैं जाने नहीं दूंगी मैं जाने नहीं दूंगी
अब हो गई होली गोरी जाओ अपने घर
मैं तो धोखे से देखन लागी उधर
सारी डार दई मोपे पर रंग की गगर
मैं तो धोखे से देखने लागी उधर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21730/title/sari-dai-dai-mope-rang-ki-gagar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |